Fortnightly per copy Rs. 5/- only

ओ३म्

18th April 2016

आर्य ఆర్య జీవన్ जीवन

संस्कृति संरक्षण व सामाजिक परिवर्तन का संकल्प

హిందీ-తెలుగు ద్విభాషా పక్ష పత్రిక

Date of Publication 2nd & 17th of every Month, Date of posting 3rd and 18th of every month

हरिद्वार अर्धकुम्भ में आर्यसमाज की भव्य व विशाल शोभायात्रा

गंगा में स्नान से किसी श्रद्धालु के पाप नहीं कटते

हरिद्वार के अर्धकुम्भ व आर्यसमाज के स्थापना दिवस 10 अप्रैल के अवसर आज यहां आर्यसमाज की भव्य व विशाल शोभायात्रा एवं नगर कीर्तन में भाग लेने का अवसर मिला। कुछ कारणों से हमारी बस विलम्ब से पहुंची अतः हम शोभायात्रा आरम्भ होने के कुछ समय बाद ही उसमें सम्मिलित हो सके। इस समय शोभायात्रा गंगा के तट व एक पुल पर है जहां एक कार के ऊपर बैठे हुए श्री सत्यव्रत सामवेदी जी महर्षि दयानन्द और आर्यसमाज विषयक कुछ तथ्यों को सामने खड़ी आर्यजनता को बता रहे हैं। इनसे पूर्व सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, नई दिल्ली के यशस्वी मंत्री श्री विट्ठलराव जी ने आर्यों को सम्बोधित किया। हमनें आर्य भाईयों से उनके सम्बोधन के बारे में पूछा तो सभी ने उनके सम्बोधन को तथ्यपूर्ण एवं अति प्रभावशाली बताया। सामवेदी जी के बाद सार्वदेशिक सभा के प्रधान यशस्वी स्वामी आर्यवेश जी का सम्बोधन वहीं सड़क पर शोभायात्रा को रोककर हुआ। स्वामीजी ने कहा कि गंगा में स्नान करने से गंगा के श्रद्धालुओं के पाप कटने वाले नहीं है। बुराईयों को छोड़े बिना कोई मनुष्य पाप से मुक्त नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि यहां आये हुए भाई बहिनों में देहरादून से भी बड़ी संख्या में लोग आयें हैं जिनमें गुरुकुल पौंधा के ब्रह्मचारी और द्रोणस्थली कन्या गुरुकुल की छात्रायें व उनकी विदुषी आचार्या डा. अन्नपूर्णा जी भी हैं। आर्य प्रतिनिधि सभा, उत्तराखण्ड के प्रधान माननीय श्री गोविन्द सिंह भण्डारी जी वागेश्वर से अपने साथियों के साथ आयें हैं जिनमें कुमाऊं व निकटवर्ती पर्वतीय स्थानों के अनेक भाई व बहिनें भी हैं। आज की शोभायात्रा में 15 प्रदेशों की आर्य प्रतिनिधि सभाओं के

अनेक सभासद व सार्वदेशिक सभा के प्रतिनिधि व गणमान्य व्यक्ति भी इस भव्य शोभायात्रा के साक्षी बने हैं। स्वामी आर्यवेश जी ने बताया कि हमारे सामने के चण्डी मन्दिर में स्वामी दयानन्द जी ने तप किया था। इसी स्थान पर स्वामी दयानन्द जी ने पाखण्ड खण्डिनी पताका फहराकर दुनियां के पाखण्डों व अन्य मत–मतान्तरों को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानन्द जी व उनके कार्यों से प्रेरणा लेकर ही हम यहां अर्धकुम्भ के अवसर पर वेद प्रचार का शिविर चला रहे। स्वामी आर्यवेश जी ने इस विशाल एवं व्ययसाध्य कार्य में आर्य प्रतिनिधि सभा, उत्तराखण्ड के प्रधान गोविन्द सिंह भण्डारी के सहयोग की सराहना की। स्वामीजी का व्याख्यान पूरा होने पर उन्होंने लोगों में जोश भरने के लिए अनेक नारे लगाये जिनमें से कुछ थे, "कन्या भ्रूण हत्या मिटायेंगे, जातिवाद मिटायेंगे, आर्य राष्ट्र बनायेंगे, पाखण्डवाद मिटायेंगे, वैदिक धर्म फैलायेंगे, गोहत्या बन्द करो, बन्द करो और पाखण्डवाद मिटाने को ऋषि दयानन्द आये थे।" इन जयघोषों व नारों को लोगों ने इतने उत्साह से लगाया कि हम भी अपने आप को रोक न सके और हमने भी अपनी पूरी शक्ति से इन नारों में भाग लिया। शोभा यात्रा अनेक मार्गों से होती हुए व ऋषि का जयघोष करती हुई शिविर में पहुंची जहां स्वामी आर्यवेश जी ने अपने संक्षिप्त विचार रखे। आर्यजनता को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम व हमारे अनेक साथी यहां विपरीत परिस्थितियों में विगत लगभग 1 माह से तप कर रहे हैं। भीषण गर्मी, आंधी व अनेक विपरीत स्थितियों को यहां हमारे साथियों ने सहन किया है। स्वामीजी ने कहा कि यह हमारे शिविर का स्थान ऐसा हैं जहां महर्षि दयानन्द के जीवन की घटनाओं, आत्मा व परमात्मा का चिन्तन करने पर ध्यान लगता है। यहां विगत दिनों चारों वेदों के सभी मन्त्रों से यज्ञ सम्पन्न हुंआ है। स्वामी जी ने कहा कि यज्ञ के ब्रह्मा स्वामी चन्द्रवेश जी ने यहां की भूमि व वातावरण को वेदों की ऋचाओं से गुंजा दिया है। स्वामी आर्यवेश जी ने जयघोष लगाया तो भावविभोर लोगों ने वैदिक धर्म की जय की ध्वनि अपनी पूरी शक्ति से

की जिससे सभा मण्डप का वातवारण ऋषि भक्ति के रंग में रंग गया। स्वामी जी ने आर्यसमाज सागर मध्यप्रदेश का परिचय देते हुए बताया कि सागर ऐतिहासिक नगर है और वहां एक शानदार आर्यसमाज है। वहां से 6–7 लोग हरिद्वार में सार्वदेशिक सभा की बैठक व शोभा यात्रा में भाग लेने पधारे हैं। उन्होंने अर्धकुम्भ–मेले पर की गई व्यवस्था में सहयोग के रूप में ग्यारह हजार रूपयों की धनराशि स्वामी आर्यवेश जी को प्रदान की। अन्य कुछ लोगों ने भी अपनी–अपनी ओर से सहयोग राशियां प्रदान की जिनका परिचय स्वामी आर्यवेश जी ने श्रद्धालुओं को कराया।

आर्य विद्वान पं. सत्यव्रत सामवेदी ने शोभायात्रा के मध्य एक वाहन की छत पर बैठकर अपने प्रवचन में योगेश्वर श्री कृष्ण की चर्चा करते हुए कहा कि वह गोपाल थे। गोपाल गाय का पालन करने वाले को कहते है। अतः योगेश्वर श्री कृष्ण जी गोपालन करते थे। हमें उनसे प्रेरणा लेकर गोपालन करना चाहिये। श्री सामवेदी जी ने कहा कि ईश्वर यज्ञमय है, इसलिए हमें व आप को भी यज्ञ बनना है। उन्होंने कहा कि यदि हम सब यज्ञ करेंगे तो देश में सूखा नही पड़ेगा, भुखमरी नहीं होगी व किसान आत्म हत्या नहीं करेंगे। गोरक्षा से किसान समृद्ध होगा। अनेक राज्यों में शराब बन्दी की भी उन्होंने चर्चा की और सारे देश में शराबबन्दी किए जाने की मांग की। श्री सामवेदी जी ने श्री गुरुचरण छागला जी की चर्चा कर बताया कि उन्होंने शराब बन्दी के लिए आमरण अनशन किया और अपने प्राण दिये। आपने कहा कि आज देश में बहुत सारे समुदाय हैं परन्तु यहां आर्यसमाज का एक ओ३म् का ही झण्डा चहुंओर फहरा रहा है जो पाखण्ड खण्डन व ऋषि की दिग्विजय का सूचक है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारे आर्यसमाज जीवित है, हमारे देश का भविष्य उज्जवल है। अपने विचारों को विराम देने से पूर्व उन्होंने कहा कि हमारा सफर तब तक चलेगा जब तक कि हम पूरे विश्व को आर्य नहीं बना लेंगे।

देश विदेश में आर्यसमाज के प्रचारक आर्य विद्वान श्री धर्मपाल शास्त्री जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिस प्रकार के विचारों व ज्ञान की आवश्यकता आज देश व समाज को है, उस प्रकार के विचारों को आप यहां हरिद्वार के अर्धकुम्भ के शिविर के अवसर पर प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम महर्षि दयानन्द जी के अनुयायी है। आप इतिहास पर दृष्टि डालिये। विश्व में अनेक महापुरुष हुए हैं। उन्होंने अनेक अच्छे कार्य किए हैं। यदि उन सभी महापुरुषों की तुलना स्वामी दयानन्द जी से करेंगे तो पायेंगे

की ऋषि दयानन्द जी का स्थान बहुत ऊंचा है। उनके विचार सभी विषयों पर बहुत ऊंचे हैं और साथ हि मानव जाति के लिए कल्याणकारक भी हैं। ऋषि दयानन्द के विचारों का अध्ययन करने पर यह तथ्य भी सामने आता है कि उनके विचार विज्ञान पर आधारित हैं। उनके विचारों में विज्ञान विरोधी कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि विश्व के विद्वानों ने महर्षि दयानन्द के वेद विषयक विचारों पर अपनी सम्मति दी है जो कि अतीव महत्वपूर्ण व प्रशंसा से युक्त है। आचार्य धर्मपाल शास्त्री ने योगी अरविन्द के विचारों को प्रस्तुत किया। अरविन्द जी ने कहा है कि ऋषि दयानन्द को वेदों के समझने की कुंजी प्राप्त थी। वेद के परिप्रेक्ष्य में महर्षि दयानन्द को उन्होंने पर्वतों की सबसे ऊंची चोटी की उपमा देकर गौरवान्वित किया है। श्री धर्मपाल शास्त्री ने कहा कि बुद्ध, महावीर, ईसा, मुहम्मद, राम व कृष्ण के भक्तों ने अपने इन गुरुओं की मट्टी पलीद की। ऋषि दयानन्द ने इन महापुरुषों को कीचड़ से निकाला और यह सब पतित पावन बने। श्री धर्मपाल शास्त्री जी ने कहा कि ऋषि दयानन्द तो सर्वत्र पावन ही पावन थे। महर्षि दयानन्द एक ऐसे अनोखे ऋषि थे जिन्होंने अपनी पूजा नहीं चलाई और देश की भलाई के लिए अपनी राख को भी किसी किसान के खेत में खाद के रूप में उपयोग करने की बात कही थी। श्री धर्मपाल शास्त्री ने कहा कि आज लोग हमारा स्वागत, सम्मान व सत्कार करते हैं परन्तु हमारे ऋषि का स्वागत व सम्मान तो लोग पत्थर, धूल, तलवार व विष देकर करते थे। विद्वान वक्ता ने कहा कि हम जो अच्छे विचार व उपदेश सुनें उनका मनन करें व उसे अपने जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि संसार की सभी समस्यायें मत, पन्थ व सम्प्रदायों की देन हैं। शराब और गोहत्या की चर्चा कर इन शराब व गोमांसाहार के व्यस्नों को उन्होंने हानिकारक व निन्दनीय बताया। महर्षि दयानन्द जी द्वारा बनाये गये आर्यसमाज के शारीरिक, सामाजिक व आत्मिक उन्नति के नियम व इससे होने वाले लाभों की चर्चा भी उन्होंने की और अपने वक्तव्य को विराम देते हुए कहा कि महर्षि दयानन्द ने वेदप्रचार करने के लिए आर्यसमाज रूपी वृक्ष लगाया था। श्री धर्मपाल आर्य जी का व्याख्यान आरम्भ होने से पूर्व आर्य प्रतिनिधि सभा, आन्ध्र प्रदेश की ओर से शाल ओढ़ाकर उनका सम्मान भी किया गया।

द्रोणस्थली कन्या गुरुकुल देहरादून की विदुषी आचार्या डा. अन्नपूर्णा ने अपने व्याख्यान का आरम्भ ओ३म् ऋतं च सत्यं चाभीद्धात तपसोऽध्यजायत मन्त्र से किया। उन्होंने कहा कि हम सब हरिद्वार में वेद प्रचार के लिए उपस्थित हुए हैं। वेद प्रचार करके हमें अज्ञान व अन्धकार को दूर करना है। महर्षि दयानन्द की भी हमारे लिए वेद प्रचार करने की आज्ञा है। हमें लोगों के अज्ञान में डूबने के कारणों को जानकर उन्हें अज्ञान में न पड़ने के लिए प्रचार करना है। जो लोग अज्ञान में भटक रहे हैं उन्हें अज्ञान से बाहर निकालना है। विदुषी वक्ता ने कहा कि आर्यसमाज का उद्देश्य वेदों का प्रचार व प्रसार है। परमात्मा ने मनुष्य मात्र के कल्याण के लिए वेदों का ज्ञान दिया है। वेदों ने मनुष्यों को सुखी व कल्याणप्रद जीवन जीने की कला सिखाई है। वेद संगच्छध्वं अर्थात् मिल कर चलने का सन्देश देते हैं। आर्यसमाज अच्छे लोगों का संगठन है। हम सब भारत माता के पुत्र व पुत्रियां हैं। उन्होंने कहा कि यदि आर्यसमाज का व्यापक प्रचार प्रसार हो तो लोग एक ईश्वर को मानने

लगेंगे। वेद गो माता और अन्य सभी पशुओं की रक्षा का सन्देश देते हैं। उन्होंने कहा आजकल लोग संस्कारों से विहीन होने के कारण मातष्शक्ति का सम्मान नहीं करते। महर्षि दयानन्द ने स्त्री को यज्ञ की ब्रह्मा बनने का सम्मान देकर गौरवान्वित किया है। विदुषी आचार्या डा. अन्नपूर्णा ने कहा कि यदि महर्षि दयानन्द न आते तो हम वेदों के मन्त्रों के अर्थ न जान पाते और न हि यज्ञ की ब्रह्मा बन पाते। उन्होंने कहा कि आज नारियां यज्ञों की ब्रह्मा बन नहीं है जिसका श्रेय महर्षि दयानन्द जी को है। उन्होंने उज्जैन में आयोजित कुम्भ मेले की चर्चा की और बताया कि वहां होने वाले सभी वष्हत् यज्ञों की ब्रह्मा स्त्रियों को ही बनाया गया है जिसमें से वह भी एक हैं। उन्होंने संगठन को सुदष्ण करने और वेद प्रचार को बढ़ाने का आह्वान किया। डा. अन्नपूर्णा जी ने भारत को विश्वगुरु और देश को आर्य राष्ट्र बनाने का आह्वान किया।

आर्य प्रतिनिधि सभा, छत्तीसगढ़ के प्रधान श्री कमलनारायण जी ने अपने वक्तव्य मे कहा कि महर्षि दयानन्द सर्वोत्तम जीवन जीने की शैली वा विद्या Art of Living के प्रणेता थे। महर्षि के इन विचारों से विश्व में क्रान्ति हुई। विद्वान वक्ता ने आधुनिक जीवन पद्धति की चर्चा की और इसे ग्लोबल वार्मिगं जैसी पर्यावरण की समस्या का कारण बताया। लातूर और मराठवाड़ा में सूखे की स्थिति व वहां जल के अभाव का उल्लेख कर उन्होंने इसे प्रकृति का असन्तुलन बताया। उन्होंने आज के लोगों को विशेषण दिया 'सम्पन्न जीवन विपन्न विचार' और कहा कि आज के समाज व विश्व में विचारों की विपन्नता होने के कारण नाना समस्यायें पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानन्द ने वेद भाष्य और अपने अन्य ग्रन्थों में विचार प्रस्तुत किये हैं जिनसे वर्तमान समय की अनेक समस्याओं का हल निकाला जा सकता है। विद्वान वक्ता ने महर्षि दयानन्द के यजुर्वेद भाष्य 11/3 का उल्लेख कर कहा कि वायुमण्डल में सुगन्धित पदार्थों से यज्ञ करना चाहिये व वनस्पतियों के गुण–धर्म जानकर उनका शारीरिक चिकित्सा में उपयोग कर संसार को सुखी व समस्याओं से रहित बनाया जाना चाहिये। मर्यादा पुरुषोत्तम राम और भरत जी के संवाद की चर्चा कर उन्होंने बताया कि रामचन्द्र जी ने भरत जी से पूछा था कि तुमने यज्ञ कराने वाले विद्वान पुरुषों की नियुक्ति की या नहीं? वायु प्रदुषण की चर्चा कर श्री कमल नारायण जी ने कहा कि सरकारी स्तर पर यज्ञ होने से पर्यावरण विषयक शुभ परिणाम मिल सकते हैं अत यज्ञ किया जाना चाहिये। लोगों को उस राजनीतिक दल को वोट देकर सरकार बनानी चाहिये जिसने अपने घोषणा पत्र में देश भर में सरकारी व्यय से यज्ञ करने का वचन दिया हो। उन्होंने कहा कि यदि धनायन वाले वायु कणों की उपस्थिति में श्वांस लेंगे तो तनाव व अनिद्राग्रस्त होकर रोगग्रस्त सकते हैं। इसके विपरीत ऋणायन वाली वायु के कणों में श्वांस लेने से मनुष्य को सुख, चैन, शान्ति का लाभ होता है व मनुष्यों की सारी बिमारियां दूर होती हैं। विद्वान वक्ता ने अग्निहोत्र यज्ञ का वैज्ञानिक विश्लेषण भी किया और कहा कि महर्षि दयानन्द के यज्ञ विषयक विचारों पर वैज्ञानिक अनुसंधान किया जाना चाहिये और उसके आधार पर मनुष्यों का जीवन सुखी बनाने के लिए उनका व्यवहार व उपयोग किया जाना चाहिये। अपने वक्तव्य को विराम देते हुए विद्वान वक्ता ने कहा कि हमें यज्ञ व संस्कारों के माध्यम से वेदों की विचारधारा को आगे बढ़ाना चाहिये। व्याख्यान से पूर्व स्वामी आर्यवेश जी ने श्री कमलनारायण, प्रधान छत्तीसगढ़ आर्य प्रतिनिधि सभा का परिचय देते हुए बताया गया कि उन्होंने पर्यावरण

विज्ञान पर पीएचडी की है। उनका शोध प्रबन्ध प्रकाशित भी हो चुका है। आपने अर्धकुम्भ मेले की व्यवस्था के लिए सार्वदेशिक सभा को ग्यारह हजार रूपयों की धनराशि भी भेंट की।

इस अवसर पर देहरादून के पं. उम्मेदसिंह विशारद ने 'देश धर्म व जाति की जिसने बचाई लाज है, वह आर्यसमाज है जी आर्यसमाज है' गीत प्रस्तुत किया। श्री किशनलाल जी आर्य, भोपाल, मध्य प्रदेश ने भी 'वेद विरुद्ध जितने मजहब थे खोल दी है उनकी सबकी पोल, स्वामी जी ने चलाया है 14 गोली का पिस्तौल' गीत गाकर लोगों में जोश व उत्साह उत्पन्न किया। स्वामी आर्यवेश जी ने श्री किशनलाल जी की प्रशंसा करते हुए उनके अनेक गुणों पर प्रकाश डाला। महाशय राजपाल जी भजनोपदेशक ने 'धक्के खाते रहे हैं दुनियां क लोगों मिल करके बोलो ओ३म् ओ३म् ओ३म् प्यारा ओ३म् ओ३म् ओ३म्' एवं 'यदि नहीं टंकारे आती फाल्गुन की शिवरात हमारी कौन पूछता बात' भजनों को

प्रस्तुत किया। आर्यजगत के एक अन्य भजनोपदेशक श्री रुहेल सिंह जी ने भी अनेक प्रभावशाली भजन प्रस्तुत किए।

यह उल्लेखनीय है कि सार्वदेशिक सभा एवं आर्य प्रतिनिधि सभा, उत्तराखण्ड के तत्वावधान में अर्धकुम्भ हरिद्वार के मेले में 20 मार्च से निरन्तर प्रचार चलता रहा है। 13 अप्रैल, 2016 को मेला समाप्त हो रहा है। इस अवधि में आर्यसमाज के अनेक लोगों ने यहां की विपरीत परिस्थितियों में सभा के शिविर में रहकर घोर तप किया है जिनमें से एक श्री दिक्षेन्द्र आर्य भी हैं। आप जिस उत्साह वह श्रद्धाभक्ति से कार्य करते हैं, वह अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय है। उनके कार्य व सेवा भावना को देख व अनुभव कर हममें उनके प्रति गहरी श्रद्धा उत्पन्न हुई है। इससे यह भी सन्देश

मिला कि आर्यसमाज के लोगों को राग–द्वेष छोड़कर परस्पर मिलकर व एक दूसरे को परख कर ही किसी के प्रति अपनी कोई निजी राय बनानी चाहिये। ऐसा करके हम संगठन को मजबूत करने के साथ आर्यसमाज के प्रचार को भी बढ़ा सकते हैं। हम यह भी अनुभव करते हैं कि हम दूसरों के अवगुणों की चर्चा करने के स्थान पर अपने अवगुणों पर ध्यान दे और उन्हें दूर करने का प्रयास करें तो यह आर्यसमाज के हित में होगा। यह बात अवश्य है कि असत्य का खण्डन और सत्य का मण्डन आवश्यक है परन्तु असत्य के खण्डन में हमारा अपना असत्य भी सम्मिलित है। सार्वदेशिक सभा इस बात के लिए आर्यसमाज व आर्यजगत के सभी ऋषिभक्तों की ओर से धन्यवाद की पात्र है जिसने महर्षि दयानन्द द्वारा सन् 1867 को स्थापित कुम्भ मेले में प्रचार की इस परम्परा का पूरी श्रद्धा व निष्ठा से पालन किया। इस शिविर व इसके कार्यकलापों में सहयोग करने वाले व इससे किसी भी रूप में जुडें बन्धुओं सहित सभा प्रधान स्वामी आर्यवेश जी, श्री गोविन्दसिंह भण्डारी एवं श्री प्रेमप्रकाश शर्मा जी आदि सभी महानुभावों के प्रति भी हम अपनी कृतज्ञता व धन्यवाद करते है जिन्होंने अपने जीवन का समय, श्रम व धन आदि इस कार्य में लगाकर इसे सफल बनाया है।



–मनमोहन कुमार आर्य
देहरादून

लातूर आदि स्थानों में भयंकर सूखे के परिप्रेक्ष्य में–

'यज्ञ से वर्षा आदि कामनाओं की पूर्ति'

क्या यज्ञ और वषष्टि का परस्पर सम्बन्ध है? अवश्य है, इसलिए कि वेद और गीता में इनका वर्णन मिलता है। गीता में भगवान कष्ण ने सूखे को ध्यान में रखकर अर्जुन को उपदेश नहीं दिए

थे। न हि सर्वव्यापक सषष्टिकर्त्ता ईश्वर ने सूखा पड़ने के बाद समाधान के रूप में वेदोपदेश किया। यह तो सषष्टि के आरम्भ में मनुष्यों को अपने कर्तव्यों व धर्म पालन के लिए दिया गया सनातन, शाश्वत् व नित्य ज्ञान है। आईये, पहले गीता में वर्णित वषष्टि जो बादल अर्थात् पर्जन्य से होती है, उसका उल्लेख कर क्या कहा गया है, यह जानते है। गीता के इस श्लोक 3/14 'अन्नाद्भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसम्भवः। यज्ञाद्भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः।' में कहा गया है कि सम्पूर्ण प्राणी अन्न से उत्पन्न होते हैं, अन्न की उत्पत्ति वषष्टि से होती है, वषष्टि यज्ञ से होती है और यज्ञ विहित कर्मों से उत्पन्न होने वाला है। इस श्लोक में यज्ञाद्भवति पर्जन्यो अर्थात् वषष्टि अर्थात् वर्षा वा बारिश यज्ञ से होती है, यह बात योगेश्वर श्री कष्ण ने अर्जुन को बताई है। इस पर विचार करने पर ज्ञात होता है कि यदि हम यज्ञ करते हैं तो इसके प्रभाव से वर्षा हुआ करती है। दूसरा यह भी है कि यदि वर्षा न हो रही हो, तो उचित मात्रा वा परिमाण में यज्ञ करने से वर्षा कराई जा सकती है। यहां यह बता दें कि ईश्वरीय ज्ञान वेदों एवं परवर्ती वेदानुकूल साहित्य के अनुसार गषहस्थियों के लिए अग्निहोत्र व अग्नि–गोघष्त–ओषधि–वनस्पति आदि पदार्थों से दैनिक यज्ञ करने का विधान है। आजकल महाराष्ट्र के लातूर व मराठवाड़ा सहित देश के अनेक भाग सूखे की चपेट में हैं। यहां पीने व अन्य प्रयोग के लिए जल का सर्वथा अभाव हो गया है। अतः पीने व अन्य उपयोग के लिए यहां जल की अकूत धनसाध्य वैकल्पिक व्यवस्था तो की जा रही है परन्तु यज्ञ द्वारा वर्षा कराने पर किसी सरकारी व अन्य संस्था का ध्यान नहीं है। कारण कि यह देश धर्मनिरपेक्ष है और यदि वेद के उपायों से वर्षा करा ली जाति है तो इससे किसी एक व अनेक दलों के वोट बैंक पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

आर्यसमाज में यज्ञ विज्ञान पर कार्य करने वाले भोपाल मध्य प्रदेश में एक विद्वान श्री वीरसेन वेदश्रमी हुए हैं जिन्होंने देश के अनेक भागों में वषष्टि वा वर्षा–यज्ञ सफलतापूर्वक सम्पन्न किए थे। आर्यसमाज के अन्य विद्वान स्वामी विद्यानन्द विदेह जी ने तो वर्षा कराने के लिए किए जाने वाले यज्ञ की विधि की पुस्तक 'वषष्टियज्ञ पद्धति' भी लिखकर प्रकाशित की थी परन्तु हमारे देश मे अनुसंधान के नाम पर करोड़ो अरबों रूपये व्यय किये जा सकते हैं परन्तु वेदों की ओर से सभी राजनैतिक दलों वा सरकारों ने आंखें मूंदी हुई हैं। हम अनुभव करते हैं कि यह उदासीनता देश व जनता के हितों की दषष्टि से उचित नहीं है। हम वेद पर आते हैं और देखते हैं कि

वेद वर्षष्टि व यज्ञ पर अपनी क्या शिक्षा देते हैं। 'ओ३म् आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायताम आ राष्ट्रे राजन्यः शूरऽइषव्योऽतिव्याधी महारथो जायतां दोग्ध्री धेनुवोढावानाशुः सप्तिः पुरन्धिर्योषा जिष्णू रथेष्ठाः सभेयो युवास्य यजमानस्य वीरो जायतां निकामे निकामे नः पर्जन्यो वर्षतु फलवत्यो नऽओषधयः पच्यन्तां योगक्षेमो नः कल्पताम्।।', यह यजुर्वेद का 22/22 मन्त्र है। इसमें जो 'निकामे निकामे नः पर्जन्यो वर्षतु' तथा 'योगक्षेमो नः कल्पताम्' शब्द आये हैं वह यज्ञ और वर्षा का सम्बन्ध बता रहे हैं। 'नः निकामे निकामे पर्जन्यः वर्षतु' का अर्थ है कि हमारी निश्चित कामना होने पर बादल वर्षा करने वाले हों। जब–जब हमें अन्नादि के दर्षष्टिकोण से वर्षा की आवश्यकता हो, तब–तब हमारे राष्ट्र में पर्जन्य–देव (वर्षा कराने वाले देव) वर्षा कराने वाले हों वा वर्षा करायें। 'योगक्षेमो नः कल्पताम्' में कहा गया है कि हमारा योग–क्षेम सिद्ध हो। अप्राप्त पदार्थ वा इच्छित वस्तु की प्राप्ति योग हैं। यहां सूखे की स्थिति में वर्षा अप्राप्त है उसको प्राप्त कराने के लिए वर्षा की प्राप्ति का होना ही 'योग' है। जो हमें प्राप्त हैं उसका रक्षण 'क्षेम' कहलाता है। यहां हमें प्राप्त सर्षष्टिगत पर्यावरण आदि सभी पदार्थों व वातवरण को सुरक्षित रखना है और वर्षा होने के बाद वर्षा चल को भी कुएं, तालाबों व जलाशयों आदि में सुरक्षित रखना है। 'योगक्षेम' का अर्थ है कि आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धि ा व उनका रक्षण। यजुर्वेद के भाष्यकार पं. हरिशरण सिद्धान्तालंकार कहते हैं कि राष्ट्र में सबका 'योगक्षेम' ठीक से चले, यही राष्ट्र की उत्तमता है। आदर्श राष्ट्र यही है। अतः हम ईश्वर से प्रार्थना करके, वर्षा आदि की इच्छा करके, यज्ञ करके, वर्षा में सहायक यज्ञ का वैज्ञानिक रीति से अनुसंधान करके निकामे निकामे अर्थात् जब जब जहां जहां चाहें वर्षा कराने में समर्थ हो सकते हैं। आवश्यकता इस बात है कि हमें वेदों की ओर लौटना होगा जिसका विवेक व शक्ति हमारे कर्णध ारों के पास शायद नहीं है।

यज्ञ करने से वर्षा कराई जा सकती है, इसकी सम्भावना गीता व वेद के मन्त्र अपने निश्चयात्मक ज्ञान के आधार पर घोषित कर रहे हैं। हम यहां वर्षष्टि यज्ञ के सम्बन्ध में प्रसिद्ध वैदिक विद्वान, अनेक वैदिक ग्रन्थों के प्रणेता और सामवेद के अपूर्व भाष्य के ऋषितुल्य मुमुक्ष विद्वान डा. आचार्य रामनाथ वेदालंकार जी के वर्षष्टि यज्ञ पर लिखे गये शब्दों को प्रस्तुत कर रहे हैं। वह लिखते हैं कि 'वर्षष्टि–यज्ञ एक विज्ञान है। इस विज्ञान का जो ज्ञाता हो, उसे ही यह यज्ञ कराने का अधिकार होना चाहिए। ऋग्वेद मण्डल 10, सूक्त 98 को निरुक्तकार यास्काचार्य ने वर्षकाम–सूक्त नाम दिया है (वर्षकाम सूक्त का अभिप्राय वर्षा की कामना वाले मन्त्रों का सूक्त व संग्रह है)। इसमें अनावर्षष्टि होने पर (जैसी कि लातूर, मराठवाड़ा व देश के अन्य भागों में है) 'देवापि' गुण वाले विद्वान् के पौरोहित्य में वर्षष्टियज्ञ कराकर वर्षा होने का वर्णन है। देवापि वह विद्वान् है, जो यज्ञ द्वारा पर्जन्य देव को भूमि पर प्राप्त करने या बरसाने का विज्ञान जानता है। ऋग्वेद की एक ऋचा (ऋग्वेद 5.83.9) में अतिवर्षष्टि होने पर उसे रोकने की चर्चा भी मिलती है। इस वर्षष्टियज्ञ–विज्ञान पर अधिकाधिक अनुसंधान होना चाहिए और अनावर्षष्टि या अतिवर्षष्टि होने पर अधिकारी विद्वानों द्वारा राजकीय स्तर पर वर्षष्टि–यज्ञ कराए जाने चाहिएं। आज वैज्ञानिक जगत में अन्तरिक्ष में बदलों पर रासायनिक द्रव्य छिड़ककर वर्षा कराने के सफल परीक्षण किये गए हैं।' उन पदार्थों को जानकर इनका भी यज्ञ में उपयोग किये जाने पर विचार किया जाना चाहिये।

हम यह भी कहना चाहते हैं कि यह सर्षष्टि स्वतःसर्षजित व रचित नहीं है अपितु एक सर्वव्यापक, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान सच्चिदानन्द सत्ता द्वारा बनाई गई है। वही सत्ता इस सर्षष्टि को धारण किए हुए है जिससे कि यह सुचारू रूप से चल रही है। जीवात्मा की भांति ईश्वर चेतन सत्ता है। वह हमारी भावनाओं व प्रार्थनाओं को प्रत्येक क्षण सुनता व उसे हमारी पात्रता व क्रियाओं के अनुरूप पूरा करता है। सर्षष्टि का कर्ता होने से यह समस्त सर्षष्टि उस ईश्वर के वश वा नियंत्रण में है। यदि हम अनावर्षष्टि वा सूखा होने पर उससे प्रार्थना व यज्ञ आदि श्रेष्ठ कार्य करेंगे वा अतिवर्षष्टि होने पर वर्षा को रोकने आदि की प्रार्थना करेंगे तो उसका निश्चित ही सकरात्मक परिणाम ईश्वर हमें प्रदान करेगा। सर्षष्टि जड़ अवश्य है परन्तु ईश्वर के नियन्त्रण में है। इसका उदाहरण है कि हमारा शरीर पंच भौतिक तत्वों से मिलकर बना है और गुण–कर्म–स्वभाव से यह जड़ है। जड़ होने पर भी स्वस्थ अवस्था में यह शरीरस्थ आत्मा के आदेशों व निर्देशों का पूरा पूरा पालन करता है। इसी प्रकार से शरीरस्थ जीवात्मा से इस भौतिक सर्षष्टि को परमात्मा की प्रार्थना व यज्ञ आदि के द्वारा निकामे–निकामे=अपनी इच्छा व कामना के अनुरूप किया जा सकता है। आवश्यकता हमें अपने समस्त ध ार्मिक पूर्वाग्रहों व स्वार्थों को छोड़ने की है। यदि देश व विश्व के सभी लोग पूवार्वग्रहों व स्वार्थों को छोड़ दें तो राम राज्य व आदर्श राज्य पर्षथिवी पर उपस्थित हो सकता है। यह आदर्श राज्य वेदों की मान्यताओं को व्यवहार में लाने पर ही बनाया जा सकता है। महाभारत काल के लगभग 1.960852 अरब वर्षों तक वैदिक सिद्धान्तों से पोषित राज्य पूरी पर्षथिवी पर रहा ही है तो आगे भी हो सकता है।

वर्तमान में आर्यसमाज में वेदों व यज्ञ के मर्मज्ञ विद्वानों में हम डा. रघुवीर वेदालंकार, डा. सोमदेव शास्त्री, डा. ज्वलन्त कुमार शास्त्री, डा. धर्मवीर,

स्वामी चित्तेश्वरानन्द सरस्वती और स्वामी प्रणवानन्द सरस्वती जी आदि यज्ञप्रेमी अद्वितीय महान हस्तियां हैं। यह लोग समय–समय पर स्थान–स्थान पर वृहत यज्ञों को सम्पादित करते रहते हैं। यदि यह आपस में गोष्ठी कर वृष्टियज्ञ विषयक प्रयास करें तो हमें आशा है कि सफलता मिल सकती है। इन विद्वानों को अपने ज्ञान, अनुभव व कार्यों से देशवासियों का मार्गदर्शन करना चाहिये। हमें यह भी उचित प्रतीत होता है कि देश व विदेश के सभी सहस्रों आर्यसमाजों में दैनिक व साप्ताहिक यज्ञ होते हैं, यदि वहां प्रतिदिन सूखा प्रभावित क्षेत्रों में वर्षा की प्रार्थना व दिव्य भावना के साथ वेदमन्त्रों को बोलकरघृत आदि पदार्थों की आहुतियां दें तो इसके भी सार्थक परिणाम हो सकते हैं। अतः सभी आर्यसमाजों व आर्यसंस्थाओं में होने वाले दैनिक व साप्ताहिक यज्ञों में सूखा प्रभावित क्षेत्रों में वृष्टि होने के लिए ईश्वर से प्रर्थाना सहित कुछ विशेष आहुतियां दी जानी चाहिये।

यज्ञ से वर्षा होती है, यह गीता व वेद के प्रमाणों व पूर्व यज्ञ के विद्वानों के प्रयोगों से सिद्ध है। इस विषय पर पूरी श्रद्धा व निष्ठा से योग्य शोधार्थियों को अनुसंधान करना चाहिये। राज्य व केन्द्र सरकारों को भी इसमें वोट बैंक की राजनीति से उपर उठकर सहयोग ही नहीं करना चाहिये अपितु अपनी प्रमुख व अग्रणीय भूमिका भी निभानी चाहिये। अन्य सभी उपाय भी राज्य व केन्द्र की सरकार कर सकती हैं, इसमें कोई विरोध नहीं है। हमने इस विषय को ज्वलन्त, सामयिक व प्रासंगिक जानकर व अपना कर्तव्य समझकर इसे अपने आज के लेख का विषय बनाया है। आशा है कि सुधी पाठक इस पर सदभावना से विचार करेंगे।

—मनमोहन कुमार आर्य
देहरादून

आर्य समाज स्थापना दिवस युगादि अवसर पर

आर्य समाज आर.पी. रोड़ ने निकाला भव्य जुलूस

डॉ. मसना चेनप्पा जी

रथारूढ़ होकर जुलूस का नेतृत्व किया

केन्द्रीय मंत्री बण्डारु दत्तात्रेय जी ने संदेश देकर जुलूस की रवानगी की

आर्य समाज आर.पी.रोड़ से जुलूस प्रारम्भ होकर सिकन्द्राबाद नगर की मुख्य सड़कों से होता हुआ आर्य समाज द्वारा संचालित हिन्दी महाविद्यालय के प्रांगण में समाप्त हुआ। जहां पर जुलूस का नेतृत्व कर रहे है डॉ. मसन्ना चेनप्पा अपने संदेश में कहा देश की बदलती परिस्थियों को देखते हुए आर्य समाज को एक होना है और मज़बूत भी होना है। सांस्कृतिक आँदोलन मात्र आर्य समाज ही कर सकता है तथा देश और समाज की रक्षा कर सकता है। नगरद्वय की आर्य समाजों ने भारी संख्या में भाग लेकर जुलूस की शोभा बढ़ाई। आर्य समाज के प्रधान मामिडी श्रीनिवास जी व अन्य अधिकारि जुलूस में उपस्थित रहे।

पंडित नरेन्द्रजी की जयन्ती सम्पन्न

कोठी, हैदराबाद स्थित पंडित नरेन्द्रजी की मूर्ति के पास आर्य प्रतिनिधि सभा, आ.प्र.-तेलंगाना की ओर से नरेन्द्रजी के जन्म दिवस के उपलक्ष में यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें सभा तथा आर्य समाजों के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यज्ञ के पश्चात सुल्तान बाज़ार व्यापार संघ के अध्यक्ष श्री गोविंद राठी जी ने पंडित नरेन्द्रजी को श्रद्धांजलि दी

डा. भीमराव अम्बेदकर जी की 125 वीं जयन्ती पर

'आर्यसमाज और डा. भीमराव अम्बेडकर'

"I like the religion that teaches liberty, equality and fraternity."
- Dr. B. R. Ambedkar

डा. भीमरावजी अम्बेडकर आजकल देश व विश्व में एक जाना माना नाम है। आपने भारत के संविधान के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। इसके साथ ही आप भारत में प्रथम कानून मंत्री के रूप में भी आदष्त रहे हैं। डा. अम्बेदकर जी की पष्ठभूमि एक दलित परिवार से थी। दलित होने के कारण आपको हिन्दू द्विजों की उपेक्षा एवं पक्षपात पूर्ण व्यवहार का शिकार होना पड़ा। महर्षि दयानन्द महाभारत काल के बाद शायद पहले व सबसे अधिक प्रभावशाली सुधारक रहे जिन्होंने वेदादि शास्त्रों के आधार पर जन्मना जातिवाद व अस्पर्शयता आदि को वैदिक विचारध ारा व सिद्धान्तों के प्रतिकूल सिद्ध किया था। आपने हिन्दू पौराणिक ब्राह्मण वर्ग द्वारा स्त्री व दलितों से छीने गये वेदों के अध्ययन के अधिकार को न केवल लौटाया अपितु इसके समर्थन में अनेक प्रमाण देने के साथ आपके अनुयायियों द्वारा स्थापित गुरुकुलों व अन्य शिक्षण संस्थाओं में दलित विद्यार्थियों को प्रवेश दिया और उन्हें हिन्दू पौराणिक ब्राह्मणों से भी अधिक संस्कष्तज्ञ व वेदों का वेदपाठी विद्वान पण्डित बनाया। उनके व उनके अनुयायियों के प्रयासों से देश में जन्मना जातिवाद की दीवारे कमजोर हुई व टूटी और इसके साथ दलितों सहित सभी समुदायों के लोगों को शिक्षा व समाज में समानता के अधिकार मिले। ईश्वरीय ज्ञान वेदों के पुनरुद्धार सहित सामाजिक समानता और सभी प्रकार के सामाजिक सुधारों का श्रेयं भी महर्षि दयानन्द व उनके द्वारा स्थापित आर्यसमाज को है।

14 अप्रै, सन् 1891 और मध य प्रदेश का महूथान भारत के संविध ाान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर जी की जन्मतिथि जन्मभूमि है। डा. अम्बेडकर जी की 125 वीं जयन्ती पर हम आर्यसमाज के उच्च कोटि के विद्वान डा. कुशलदेव शास्त्री का "आर्यसमाज और डा. अम्बेडकर" विषयक लेख प्रस्तुत कर रहे हैं जिसें डा. अम्बेडकर के आर्यसमाज के अनुयायियों से सम्बन्ध व सहयोग सहित उन पर आर्यसमाज के प्रभाव को रेखंकित किया गया है। विद्वान लखक ने लिखा है कि आर्यसमाज के संस्थापक स्वमी दयानन्द सरस्वती का जन्म सन् 1825 में और बलिदान 1883 में हुआ था। आर्यसमाज की स्थापना के 16 वर्ष बाद और स्वामी दयानन्द के देहावसान के लगभग 8 वर्ष बाद 14 अप्रैल, 1891 को भारतरत्न डा. भीमराव अम्बेडकर का महू (मध यप्रदेश) में जन्म हुआ। यह तो स्पष्ट ही है कि माननीय डा. अम्बेडकर के काल में स्वामी दयानन्द शरीररूप में विद्यमान नहीं थे, पर आर्यसामाजिक आन्दोलन के रूप में उनका यशःशरीर तो जरूर विद्यमान था। डा. भीमराव अम्बेडकरजी की ग्रन्थ सम्पदा इस बात की साक्षी है कि वे स्वामी दयानन्द द्वारा स्थापित आर्यसमाज तथा उनके अनुयायियों की गतिविध्यिों से अच्छी तरह परिचित थे। प्रस्तुत काल में आर्यसमाज का आन्दोलन अपने पूरे यौवन पर था, जिसका प्रभाव डा. अम्बेडकर और उनके युग पर निश्चित रूप से पड़ा है। डा. कुशलदेव शास्त्री ने यह पंक्तियां डा. अम्बेडकर और आर्यसमाज के परस्पर सम्बन्धों को उपलब्ध जानकारी के आधार पर प्रस्तुत किया है।

जैसे स्वामी दयानन्द गुजराती होते हुए भी मूलतः औदीच्य तिवारी ब्राह्मण माने जाते थे, वैसे ही डा. अम्बेडकर भी मध्यप्रदेश में जन्म लेने के बावजूद मूलतः तथाकथित शूद्र (महार) कुलोत्पन्न महाराष्ट्रीय के रूप में सुप्रसिद्ध थे। कालान्तर में यह दोनों विभूतियां राष्ट्रीय ही नहीं, अपितु अन्तर्राष्ट्रीय महापुरुष के रूप में भी सुप्रसिद्ध हुईं। जिस समय महाराष्ट्र में (तत्कालीन मुम्बई राज्य में) 'रानाडे–फुले युग' का अस्त हो रहा था, उसी समय वहां श्री सयाजीराव गायकवाड़, राजर्षि शाहू महाराज तथा डा. अम्बेडकर के युग का उदय हो रहा था। यह दूसरी पीढ़ी भी अपनी पूर्ववर्ती दयानन्द–रानाडे–फुले आदि महापुरुषों की कार्यप्रणाली से प्रभावित और प्रेरित रही है। श्री सयाजीराव गायकवाड़ और राजर्षि शाहू महाराज स्वामी दयानन्द और उनके द्वारा स्थापित 'आर्यसमाज' से अधिक प्रभावित थे, तो डा. अम्बेडकर महात्मा फुले और उनके द्वारा स्थापित 'सत्य शोधक समाज' से। श्री सयाजीराव गायकवाड़ और राजर्षि शाहू महाराज आर्यसमाजी होते हुए भी सत्य शोधक समाज के भी सहयोगी और प्रशंसक रहे, तथा डा. अम्बेडकर महात्मा फुले के शिष्य होते हुए भी स्वामी दयानन्द और उनके आर्यसमाजी आन्दोलन के प्रशंसक होने के साथ–साथ समालोचक भी हैं, पर उन्हें आर्यनरेश द्वय श्री गायकवाड़ और राजर्षि शाहू की तरह आर्यसमाज आन्दोलन के सहयोगियों में नहीं खड़ा किया जा सकता। हां ! आर्यसमाजी आन्दोलन के डा. अम्बेडकर हमेशा से ही हितैषी रहे हैं।

डा. अम्बेडकर के लिए स्वामी दयानन्द की तुलना में महत्मा फुले अधि ाक आराध्य रहे। डा. अम्बेडकर ने गौतम बुद्ध, सन्त कबीर और महात्मा फुले को महापुरुष त्रयी को अपना गुरु माना है। संस्कष्त व राष्ट्रभाषा हिन्दी की तरह प्रान्तीय स्तर पर मराठी में काम–काज न कर पाने के कारण महाराष्ट्र में आर्यसमाज का आन्दोलन उतना प्रभावी ढंग से न चल सका जितना कि उत्तर

भारत में। राजर्षि शाहू महाराज के अनुसार 'ब्राह्मण नौकरशाही' के कारण महाराष्ट्र में आर्यसमाज का आन्दोलन प्रभावी नहीं हो सका।

डा. अम्बेडकर जी की शिक्षा में बड़ौदा नरेश जी का सहयोग रहा है। इण्टर पास करने के बाद डा. भीमराव अम्बेदकर को बी.ए., एम.ए., पी.एच,डी., डी.एस.सी. (लन्दन), एल.एल.डी., बार–एट–ला, जैसी उपाधियों से विभूषित और प्रकाण्ड पण्डित बनाने में आर्यसमाजी आन्दोलन का, प्रत्यक्ष नहीं तो अप्रत्यक्ष रूप में, अविस्मरणीय योगदान रहा है। इस बात को और कोई जाने या न जाने स्वयं डा. अम्बेडकर जरूर जानते थे। इसलिए भी उनके ग्रन्थों में आर्यसमाजी आन्दोलन के प्रति विशेष सहानुभूति नजर आती है। जहां आर्य नरेश श्री सयाजीराव गायकवाड़ ने एन् 1912 से 1915 तक डा. भीमराव अम्बेडकर को उच्च विद्या–विभूषित करने के लिए शिष्यवषत्तियां प्रदान कीं और उन्हें अमेरिका भेजा, वहां अपने–आपको हष्दय से आर्यसमाजी कहलानेवाले राजर्षि शाहू महाराज ने भी सन् 1919 से 1922 तक अम्बेडकरजी को विदेश जाकर अध्ययन करने के लिए आर्थिक दषष्टि से सम्पूर्ण सहयोग दिया था।

आर्यनरेश राजर्षि शाहू महाराज ने पत्रकार डा. अम्बेडकर के प्रथम पत्र 'मूकनायक' के संचालन में भी आर्थिक महायता प्रदान की थी और इतना ही नहीं सन् 1920 में माणगांव में सम्पन्न प्रथम अस्पृश्यता परिषद में कोल्हापुर के आर्य नरेश शाहू महाराज ने यह भविष्यवाणी भी की थी कि 'डा. अम्बेडकर भारतवर्ष के अखिल भारतीय नेता होंगे।' तत्कालीन मुम्बई राज्य के इन दोनों राजाओं के पास जो यह उदारमन और उदारदृष्टि थी, उसकी पृष्ठभूमि में स्वामी दयानन्द खड़े हुए नजर आते हैं। इन दोनों ही आर्यनरेशों के अन्तःकरण पर निर्विवाद रूप से आर्यसमाजी आन्दोलन की विशिष्ट छाप रही है।

स्वामी श्रद्धानन्द (1856–1926) महर्षि दयानन्द जी के अनुयायी व उनकी शिक्षा पद्धति को मूर्तरूप देने वाले महापुरुष थे। दलितोद्धार एवं जातिपांति उन्मूलन में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। डा. अम्बेडकर जीग्रामी श्रद्धानन्द जी के कार्यों से पूर्ण परिचित थे। अपनी 'व्हाट कांग्रेस ए गांधी हैव डन टू दि अन्टचेबल्स' पुक में आपने लिखा है कि 'स्वामी द्धानन्द दलितों के सर्वश्रेष्ठ सहायक र समर्थक थे। अस्पष्श्यता निवारण से म्बन्धित (कांग्रेस की) समिति में रहकर दे उन्हें स्थिरता से काम करने का असर मिल पाता तो निःसन्देह एक बत बड़ी योजना आज हमारे सामने द्यमान होती।' महर्षि दयानन्द के ख्यिात अनुयायी लाला लाजपतराय । आपके गहरे आत्मीय सम्बन्ध थे। यो कारण था की अंग्रेजों के बरबरतापूं लाठीप्रहार से लाला जी की मष्त्यु होने पर उन्होंने उन्हें अश्रुपूर्ण शब्दों । श्रद्धांजलि दी थी। डा. भीमराव जी अबेदकर जनवरी, 1913 में बड़ौदा आा थे और यहां उनका दलितोद्धार क कार्यकरने वाले आर्यसमाज के विद्वा पं. आत्माराम अमष्तसरी जी से परिचय हुआ। अमष्तसरी जी उन्हें उपयुक्त निवास की व्यवस्था होने तक अपने साथ आर्यसमाज वडोदरा में ले आये थे जहां वह एक सप्ताह तक उनके साथ रहे थे। स्वाभाविक है कि पं. आत्माराम अमष्सरी और आर्यसमाज के इस सहवास व निकटता से डा. अम्बेडकर जी को आर्यसमाज की विचारधारा को जानने व समझने का अवसर मिला होगा और उन्होंने आर्यसमाज के दैनिक सन्ध्या व अग्निहोत्र सहित अन्य गतिविधि ायों को भी देखा व समझा होगा और इनको करने के कारणों व होने वाले लाभों को भी जाना होगा।

डा. भीमराव अम्बेडकर जी की जयन्ती पर हमने उनके आर्यसमाज से जुड़े कुछ ही प्रसंगों को प्रस्तुत किया है। आज ही हमने जीटीवी पर एक परिचर्चा में यह तथ्य सुना कि डा. अम्बेडकर ने भारत की राष्ट्रभाषा क्या हो, इस पर अपना मत देते हुए संस्कष्त को राष्ट्रभाषा बनाने का प्रस्ताव किया था। उनके अनेक विचार सामने आ रहे हैं। हमें यह प्रतीत होता है कि उनके वचनों वा सूक्तियों का एक संग्रह प्रकाशित होना चाहिये जिससे उनके व्यापक दषष्टिकोण को कम समय में जाना व समझा जा सके। टीवी परिचर्चा में हमने यह तथ्य भी सुना कि डा. अम्बेदकर जम्मू कश्मीर के तीन हिस्से करना चाहते थे जिनमें एक एक मुस्लिम कश्मीर और दो तिहाई भाग में दलित व हिन्दू कश्मीर। एक अन्य तथ्य भी बताया गया कि डा. अम्बेदकर अपने ज्ञान व अनुभव के कारण हिन्दू व मुस्लिमों की पूरी पूरी आबादी की भारत व पाकिस्तान में अदला बदली के समर्थक थे। परिचर्चा से यह तथ्य भी सामने आया कि पाकिस्तान बनने पर वहां के मुस्लिमों ने दलित हिन्दुओं को वहां बलपूर्वक रोक लिया था जिससे वह उनका मल–मूत्र आदि साफ कर सकें। अतः हम यह अनुभव करते हैं कि विगत 69 वर्षों की आजादी के काल में उनका वास्तविक स्वरूप व सम्पूर्ण विचार देशवासियों के सामने नहीं आ पायें हैं व राजनीतिक कारणों से उन्हें रोका गया है। हम आशा करते हैं कि वर्तमान समय में डा. अम्बेडकर जी के देशहितकारी विचारों को देशवासियों के सामने प्रस्तुत करने में सफल होगा जिससे उनका सही मूल्यांकन हो सकता है। वैसे भी देश की युवा पीढ़ी में डा. अम्बेडकर के बारे में जानकारी बहुत कम व न के बराबर है जिसे उनके प्रति न्याय नहीं कहा जा सकता। आज डा. अम्बेडकर जी को उनकी जयन्ती पर हम अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनको सच्ची श्रद्धांजलि यही हो सकती है कि हिन्दू समाज से जन्मना जातिवाद और सामाजिक असमानता सदा–सदा के लिए समाप्त हो जाये। क्या हमारे हिन्दू मुख्यतः जन्मना ब्राह्मण भाई व धार्मिक नेता समय व युग के लिए अति आवश्यक इस मानवोचित विचार को कियात्मक रूप देने में सहयोग करने को तैयार हैं? हम यह भी अनुभव करते हैं कि हिन्दू समाज को यह नियम प्रचारित करना चाहिये कि किसी भी मनुष्य के साथ धार्मिक व सामाजिक दषष्टि से पक्षपात, भेदभाव, अस्पर्शयता का व्यवहार नहीं करना चाहिये अपितु अपने व परायों सभी के प्रति स्वात्मवत, प्रीतिपूर्वक, धर्मानुसार व यथायोग्य (उसके गुण, कर्म व स्वभाव के अनुसार) व्यवहार करना चाहिये।

–मनमोहन कुमार आर्य,

सार्वदेशिक सभा का दो दिवसीय साधारण अधिवेशन सम्पन्न

हरिद्वार कुम्भ मेले के अवसर पर आयोजित वेद प्रचार शिविर भी सफलता पूर्वक सम्पन्न

गौहत्या, नशाखोरी एवं पाखण्ड के विरुद्ध राष्ट्रीय स्तर पर प्रचण्ड अभियान चलाने की बनी योजना

आर्य समाज को तेजस्वी स्वरूप प्रदान करने की महती आवश्यकता

साधारण सभा के महत्वपूर्ण निर्णय



सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा का दो दिवसीय साधारण अधिवेशन दिनांक ९ से १० अप्रैल, २०१६ को हरिद्वार कुम्भ मेले में सार्वदेशिक सभा द्वारा चलाये जा रहे शिविर स्थल पर उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया। अधिवेशन की अध्यक्षता सार्वदेशिक सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश जी ने की तथा संचालन सभा मंत्री प्रो. विट्ठलराव आर्य ने किया । इस अवसर पर देश के विभिन्न प्रान्तों से भारी संख्या में आये प्रतिनिधि उपस्थित थे । अधिवेशन में सभा प्रधान स्वामी आर्यवेश जी, कार्यकारी प्रधान श्री सत्यव्रत सामवेदी, मंत्री प्रो. विट्ठलराव आर्य, कोषाध्यक्ष पं. माया प्रकाश त्यागी, उपप्रधान श्रीमती इन्दुबाला, हरिद्वार के स्थानीय विधयक एव प्रसिद्ध आर्य संन्यासी स्वामी यतीश्वरानन्द जी, स्वामी कमलानन्द जी, ब्र. दीक्षेन्द्र आर्य प्रधान सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद्, हरियाणा, आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखण्ड के प्रधान श्री गोविन्द सिंह भण्डारी के अतिरिक्त सभा की अन्तरंग के प्रमुख सदस्य श्री विरजानन्द एडवोकेट महामंत्री सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद्, डॉ. लक्ष्मण दास प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा मध्य भारत, श्री रामानन्द आर्य (पटना), आचार्य सन्तराम आर्य, बेटी बचाओ अभियान की अध्यक्षा बहन पूनम आर्या एवं संयोजक वहन प्रवेश आर्या, श्री रमाकान्त सारस्वत आदि ने अपने विचार रखे । इनके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ से श्री कमल नारायण, मध्य प्रदेश विदर्भ के मंत्री श्री जय नारायण आर्य, मध्य भारत आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री श्री केशव सिंह तोमर, उत्तराखण्ड के मंत्री श्री दयाकृष्ण काण्डपाल, आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश के प्रधान श्री देवेन्द्र पाल वर्मा, श्री दामोदर जी पटना आदि ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये ।

इस अवसर पर मुख्य तीन बिन्दुओं पर सहमति बनाकर सभा ने राष्ट्रीय स्तर पर विशाल जन-जागरण अभियान चलाकर प्रचण्ड आन्दोलन चलाने का निश्चय किया । इसके अन्तर्गत सभी प्रान्तों में सांकेतिक धरने प्रदर्शन, जन-जागरण अभियान तथा अन्य कार्यक्रम करने की योजना बनाई गई । कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी प्रान्ती सभाओं की समीक्षा की गई तथा प्रान्तीय सभाओं को सुदृढ़ बनाने की भी योजना बनाई गई । सभा अधिकारी प्रान्तीय सभाओं में जाकर हर सम्भावित स्थिति पर विचार विमर्श करेंगे तथा जमीी स्तर पर योजना बनायेंगे ।

इस अवसर पर विभिन्न आर्य नेताओं ने अपने विचार प्रकट करते हुए गहत्या, नशाखोरी, हिला उत्पीड़न, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, आर्य लोग भारत के मूल निवासी अन्धविश्वास, पाखण्ड आदि विषयों पर प्रस्ताव प्रस्तुत किये । सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि गौहत्या, नशाखोरी तथा धार्मिक पाखण्ड के विरुद्ध प्रचण्ड आन्दोलन चलाने के लिए सभी प्रान्तीय सभाओं से सम्पर्क बनाकर सभा अधिकारी पृष्ठभूमि तैयार करेगे । निश्चय किया गया कि आगामी एक वर्ष में एक हजार नई आर्य समाजों का गठन किया जायेगा तथा अधिकाधिक ुवाओं और महिलाओं को आर्य समाज का सदस्य बनाने का अभियान चलाया जायेगा ।

सार्वदेशिक सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश जी ने घोषणा की कि सार्वदेशिक सभा महर्षि दयानन्द सरस्वती की २००वीं जयन्ती जो २०२४ में आ रही है को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर प मनाने की तैयारी में जुट गई है । उन्होंने कहा कि महर्षि ज्म की दूसरी शताब्दी के अवसर पर एक ठोस योजना का क्रियान्वयन होगा जिससे आर्य समाज पूरे विश्व में एक विशेष पहचान पा सकेगा । उन्होंने कहा कि इस दौरान कोशिश की जायेगी कि २०० संन्यासी, २०० वानप्रस्थी तथा २०० नैष्ठिक ब्रह्मचारी दीक्षित किये जायें । स्वामी जी ने बताया कि समारोह की सफलता के लिए कार्य विभाजन की दृष्टि से विभिन्न प्रकल्प कड़े किये जायेंगे

तथा इण्टरनेट तथा अन्य इलेक्ट्रानिक मीडिया के ाध्यम से आर्य समाज की समरत गतिविधियों के अतिरिक्त सम्पूर्ण वैदिक वांङ्मय का प्रस्तुतिकरण किया जायेगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की तैयारी के लिए विभिन्न उपसमितियों का गठन करके उन्हें कार्य का दायित्व सौंपा जायेगा।

स्वामी जी ने आर्य समाज के संगठन को जमीनी स्तर पर प्रभावशाली बनाने के लिए आर्य समाज की कार्यशैली में विशेष संशोधन पर बल दिया और कहा कि आर्य समाजों को उपयोगी आर्य समाज बनाना वर्तमान की विशेष आवश्यकता है। उनहोंने कहा कि जिस मोहल्ले, ग्राम, नगर में आर्य समाज है वहाँ पर रहने वाले लोगों के दिल-दिमाग पर यह प्रभाव होना चाहिए कि आर्य समाज उनके लिए एक अत्यन्त उपयोगी समाज है। विशेष पर्वों, महापुरुषों की जयन्ती व पुण्यतिथियो, नव-सम्वतसर आदि को विशेष उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए। इन अवसरों पर जुलूस आदि निकाल कर, गरीब बस्तियों में यज्ञ करके, भाषण प्रतियोगिता, योगसन प्रतियोगिता, लेख प्रतियोगिता तथा अन्य आकर्षक कार्यक्रम आयोजित करके आर्य गतिविधियों में सक्रियता लानी चाहिए। अत्यन्त आवश्यक है कि अपने द्वारा किये गे कार्यक्रमों की सूचना समाचार पत्रों, टी.वी. आदि पर अवश्य देनी चाहिए। कभी-कभी अन्य संगठनों के साथ मिलकर ज्वलन्त मुद्दों पर सामूहिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाने चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि आर्य समाज को सातों दिन सक्रिय रखना अत्यन्त आवश्यक है। इसके लिए आर्य समाजों में योग कक्षा चलाना, ट्यूशन की निःशुल्क कक्षायें चलाना, प्रातः सायं संन्ध्या की व्यवस्था करना तथा सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करना आदि से आर्य समाज में सक्रियता लाई जा सकती है। इ्वामी जी ने पुरुष तथा युवतियों के शिविर लगाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आर्य समाज का भविष्य अत्यन्त उज्जवल है। उन्होंने कहा कि महर्षि के अप्रतिम बलिदान से प्रेरणा लेकर अपने-अपने कार्य में जुट जाना चाहिए और परोपकार, सेवा, सहयोग को अपने कार्यों का आधार बनाकर चलना चाहिए।

सार्वदेशिक सभा के मंत्री प्रो. विट्ठलराव आर्य ने अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए विशेष रूप से गौहत्या, नशाखोरी, पाखण्ड पर गवेशणापूर्वक चर्चा प्रारम्भ करते हुए आह्वान किया कि अबसमय आ गया है कि आर्य समाज को इन मुद्‌दों पर अपनी स्पष्ट दिशा बनानी होगी। उनहोंने कहा कि गौहत्या मात्र एक धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला विषय नहीं है, अपितु गौहत्या भारत की सम्पर्ण अर्थव्यवस्था को चुनौती देने वाला कृत्य है। इसी प्रकार नशाखोरी एवं धार्मिक पाखण्ड भी हमारे दैनिक जीवन एवं राष्ट्रीय जीवन ो सीधे प्रभावित करते हैं। प्रो. साहब ने कहा कि हमें अपने कार्यों को बढ़ाकर लम्बी लाइन खींचनी चाहिए किसी की आलोचना के बदले हम कार्य करके ही सही दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि आर्य समाज के प्रत्येक सदस्य को महर्षि के स्वप्न को पूरा करने के लिए मनसा वाचा कर्मणा आगे बढ़ना होगा तथा सामाजिक बुराइयों को जड़ मूल से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्प लेना होगा।

सार्वदेशिक सभा के कार्यकारी प्रधान श्री सत्यव्रत सामवेदी जी ने अपने जोशीले वक्तव्य से अधिवेशन को जोश तथा उत्साह से भर दिया। उन्होने देश की वर्तमान परिस्थितियों पर अपना ओजस्वी भाषणदेते हुए कहा कि आज देश विनाश के कगार पर खड़ा है, क्योंकि हमने महर्षि दयानन्द की बात नहीं मानी यदि महर्षि की बात मान लेते तो जो दशा आज है वह नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आज किसान आत्म हत्या कर रहा है, महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं, आज की शिक्षा नौजवानों के चरित्र को बिगाड़ रही है। ऐसी परिस्थिति में आर्य समाज के सिवाय कहीं भी आशा की किरण दिखाई नहीं देती। आज आर्य समाज को युवाओं की जररत है। युवा आगे आयें और बलिदान का रास्ता अपनाकर देश को पतन के गर्त में जाने से बचायें। उन्होंने कहा कि अन्याय, शोषण, गरीबी, बेरोजगारी महिला उत्पीड़न, नशाखोरी, बलात्कार, अपहरण के विरुद्ध युवाओं को प्रेरित करने की आवश्यकता है और यह कार्य स्वामी आर्यवेश जी के नेतृत्व में आर्य समाज कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज आर्य समाज एक मजबूत लोक शक्ति खड़ी करने की दिशा में कदम बढ़ा चुका है और मुझे आशा है कि पूरा राष्ट्र आर्य समाज के साथ जुड़ेगा।

१० अप्रैल को प्रातः विशाल शोभा यात्रा निकाली ग जो हरिद्वार के मुख्य मार्गों तथा बाजारों से होती हुई शिविर स्थल पर समाप्त हुई। इस एक किलोमीटर लम्बी शोभा यात्रा में हजारों व्यक्तियों के अतिरिक्त विभिन्न प्रदेशों की आर्य प्रतिनिधि सभाओं के सभासद व प्रतिनिधि व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सारे रास्ते में अत्यन्त जोश के साथ नारे लगाये जा रहे थे तथा सारा वातावरण ऋषिमय हो चला था। शोभायात्रा पांच किलोमीटर का रास्ता तय करके जयघोष करते हुए शिविर स्थल पर पहुंची जहाँ खुला अधिवेशन आयोजित किया गया था। १० तारीख को शाम पांच बजे विधिवत अधिवेशन उत्साह पूर्ण वातावरण में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।



हैदराबाद में ओवेसी नेफिर भड़काया देशद्रोह का दावानल ओवैसी अपने बचाव ंआर्य समाज को ढाल बना रहा है और यही ढाल सका खात्मा करेगी

-सत्यव्रत सामवेदी

हैदराबाद का निजाम धर्मान्ध मुसलमान था और गैर मुस्लिमों पर उसने कहर बरपा रखा था। निजाम ने आर्य समाज के अनुयायियों पर अकथनीय अत्याचार किये और आर्य समाज को विवश होकर जिनाम के विरुद्ध मोर्चा खोलना पड़ा और उस पर युद्ध की घोषणा कर दी तत्कालीन वायसराय ने आर्य समाज के नेताओं को कहा कि विश्व की सबसे शक्तिशाली मुस्लिम ताकत का आप लोग कैसे मुकाबला करेंगे ? आर्य समाज द्वारा युद्ध की घोषणा के बाद सारा संसार आश्चर्यचकित होकर इस युद्ध को देखने लगा। समस्त राजनीतिक दलों ने इस युद्ध में सहयोग देने से इनकार कर दिया और कांग्रेस ने भी निजाम के विरुद्ध चल रहे संघर्ष को स्थगित करने की गोषणा कर दी। अन्ततोगत्वा निजाम को घुटने टेकने पड़े और इस आंदोलन में आर्य समाज का जो धन लगा था उसे भी निजाम को लौटाना पड़ा और निजाम के अत्याचार हमेशा के लिए खत्म हो गए।

आजादी के समय निजाम का देशद्रोह फिर फूट पड़ा और उसने भारत में शामिल होने से इनकार कर दिया और आजाद हैदराबाद की घोषणा कर दी। तब कासिम रिजवी हर रोज हैदराबाद में स्थित निजाम के रेडियो डेकन से भारत विरोधी भाषण प्रसारित किया करते थे। वे यह धमकी दिया करते थे कि हैदराबाद की मुस्लिम सेनाएं सारे भारत पर कब्जा करके उसे मुस्लिम साम्राज्य में बदल देगी और जिसके खलीफा और सुल्तान मीर उस्मान अली खां होंगे। निजाम ने पाकिस्तान की मदद से विदेशों से हथियार खरीदने के लिए ६५ लाख पौंड की विपुल राशि लंदन के एक बैंक के माध्यम से लंदन स्थित पाकिस्तान के राजदूत को भिजवाई थी।

विवश होकर सरदार पटेल को निजाम के खिलाफ पुलिस एक्शन लेना पड़ा। दो दिन के भीतर ही निजाम ने आत्मसमर्पण कर दिया और उसकी सेना ने हथियार डाल दिये।

भारतीय सेना ने इत्तेहादुल मुस्लिमीन नामक संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया और कासीम रिजवी को गिरफ्तार कर लिया। कासीम रिजवी को उम्र कैद की सजा दी गई। मगर १९५७ में उसे भारत सरकार ने इस शर्त पर रिहा किया कि वह २४ घंटे के अंदर भारत छोड़कर चला जाएगा। इस संगठन के तार शुरू से ही पाकिस्तान से चुड़े हुए थे। इसलिए कासिम रिजवी के पाकिस्तान जाने पर उसका न सिर्फ भव्यागत किया गया बल्कि उसे एक मोटी रकम न के रूप में पाकिस्तान सरकार ने देना शुरू या। कासिम रिजवी ने पाकिस्तान जाने से पूइब्देहादुल मुस्लिमीन की बागडोर हैदराबाद में 5 वकील अब्दुल वहाब ओवैसी को सौंप दी। यह असुद्दीन ओवैसी उसी अब्दुल वहाब ओवै का वंशज है जो देश में साम्प्रदायिकता बढ़कानेक लिए खुलेआम देशद्रोह कर रहा है और नरेन्द्र दी के प्रधानमंत्रित्व काल में भी निर्भिकतापूर्वकभारत के खिलाफ जहर अगल रहा है।

ओवैसी ने घोषणाकी है-

गर्दन पर छुरी रखो तो भी
भारत माता की ज नहीं कहूंगा।

आरएसएस प्रमुखमोहन भागवत के बयान के विरोध में ओवैसीने यह बात कही है। भागवत ने पिछले दिं सुझाव दिया कि नई दिल्ली को भारत माताकी जय बोलना सिखाना होगा। महाराष्ट्र के लात जिले के उदगीर में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए ओवैसी ने कहा कि मैं यह जयकारा नहींलगाता। भागवत साहब, आप क्या करने जा रहेहैं आयदि मेरी गर्दन पर छुरी रख दें तो भी मैं ाह नारा नहीं लगाऊंगा। ओवैसी ने सभा में मौजूद लोगों से कहा कि मैं भारत में रहूँगा और भरत माता की जय नहीं बोलूँगा क्योंकि यह हमरे संविधान में कहीं नहीं लिखा है कि भारत मात की जय बोलना जरूरी है। दूसरी तरफ संघ प्रमुख मोहन भागवत बोले कि देश की नई पीढ़ी को भारत माता की जय कहना सीखना होगा।

ओवैसी अब कुतर्क दे रहा है और कह रहा है कि "यहां बहुत से आर्य समाजी लोग भी हैं वे ईश्वर की किसी मूरत को नहीं मानते। जो ईश्वर की कोई मूर्ति को स्वीकार नहीं करते वे राष्ट्र की कोई मूर्ति को कैसे स्वीकार कर लेंगे। वे कैसे भारत माता को मानकर पूजेंगे।"

ओवैसी इतना मूर्ख व्यक्ति है कि उसे यह भी पता नहीं कि भारत माता की जय का नारा आर्य समाज ने ही दिया था। आर्य समाज की स्थापना से लेकर आज तक आर्य समाजी लोग संध्या हवन के बाद प्रातः आर्य 'भारत माता की जय' के नारे लगाते हैं।

आर्य समाज तो सारी भूमि को माता मानता है। वेद का संदेश है- माता भूमि पुत्रोऽहम् पृथिव्याः। आर्य समाज के क्रांतिकारी भारत को माता मानकर ही हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ते रहे हैं। बिस्मिल के निम्नलिखित गीत ने भारत माता के लिए अपनी आहुति देने की प्रेरणा दी।

दिल फिदा करते हैं, कुर्बान जिगर करते हैं
पास जो कुछ है, वह माता की नजर करते हैं

फांसी से पहले जेल में बिस्मिल की माँ मिलने आई तो बिस्मिल की आँखो से आँसू बहने लगे। वीर माँ ने गरज कर कहा कि यदि तुझे फाँसी से इतना ही डर लगता था तो क्रांति के रास्ते पर क्यूं चला। बिस्मिल ने विम्रतापूर्वक कहा कि माँ ! मैं फासी से नहीं डरा। मुझे इस बात का दुःख है कि मैं तेरी सेवा किए बिना इस दुनिया से जा रहा रहा हूँ। माँ ने हँसते हुए उत्तर दिया कि अनेक बेटे केवल अपनी माँ की ही सेवा करते हैं पर तूने तो भारत माता की सेवा करके करोड़ों माताओं की सेवा की है और रोता हुआ बिस्मिल मुस्करा उठा।

जर्मनी को छोड़कर विश्व के समस्त राष्ट्रों के नागरिक अपने राष्ट्र को माँ मानते हैं। आर्य समाज और वेद के अनुयायियों के लिए माँ या माता सबसे प्रिय शब्द है। वह तो गउ को माता मानता है। संसार में जो कुछ भी श्रेष्ठ है उसकी वह माता के रूप में पूजा करता है। वेद का संदेश है -

इळा सरस्वती मही तिस्त्रो देवीर्मयो भुवः।
बर्हिः सीदन्त्वस्त्रिधः॥

मंत्र में तीन देवियों की गुणावलियों का वर्णन करते हुए परामर्श दिया गया है कि इळा (प्रशसंनीय मातृ संस्कृति) सरस्वती (मातृ भाषा) मही (पूजा योग्य मातृभूमि) हिंसा रहित, सुख समृद्धि देने वाली, दिव्य गुणों वाली तीनों देवियां घर-घर को प्रकाशित करें।

हैदराबाद से निर्वाचित आल इण्डिय इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी की आदत नित नया विवाद खड़ा करने की है।

अब बड़े मियां तो बड़े मियां छोटे मियां शुभानल्लाह। ओवैसी की पार्टी के महाराष्ट्र विधानसभाके विधायक वारिस पठान भला अपने आका से पीछे कैसे रहते। उन्होंने जब महाराष्ट्र विधानसभा में भारत माता की जय का नारा लगाने से साफ इनकार कर दिया तो विधानसभा अध्यक्ष को मजबूर होना पड़ा। अब असदुद्दीन ओवैसी यह कुतर्क दे रहे हैं कि भारतीय संविधान में कहां यह लिखा है कि भारत माता की जय का

नारा लगाना जरूरी है । ओवैसी साहब ! क्या इस बात पर प्रकाश डालने का कष्ट करेंगे कि क्या अब तक वो भारतीय संविधान का अक्षरशः पालन करते आ रहे हैं ? क्या इस संविधान के अनरुसार हैदराबाद भारत का अभिन्न अंग है? इसके बावजूद वे आज तक इसे देश का अंग मानने के लिए तैयार नहीं हैं । उनका यह दावा है कि भारत ने हैदराबाद पर जबरन कब्जा किया था । १६ सितम्बर के दिन जब हैदराबाद रियासत का भारत में विलय हुआ था तो उस दिन को आज भी ओवैसी और उनकी पार्टी काले दिवस के रूप में मनाती है। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में हैदराद के भारत में विलय पर शोक प्रकट किया जाता है और इसे योमे मातम के रूप में मनाते हुए घरों और बाजारों में काले झंडे लगाए जाते हैं । क्या यह देशभक्ति है ? क्यायह देश और संविधान के प्रति खुला द्रोह नहीं है ? शर्म की बात है कि योमेस्कूत (जबरन कब्जा) और योमे मातम मनाने का यह सिलसिला लगभगएक दशक सेचल रहा है । मगर आज तक न तो राज्य सरकार ने और न ही केन्द्र सरकार ने इन देशद्रोही तत्वों के खिलाफ कोई भी कदम उठाने की हिम्मत की है ? इससे भी गंभीर बात यह है कि इस अवसर पर आंध्र और तेलंगाना एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित होने वाले कई उर्दू समाचार पत्र भी इस योमेस्कूत पर खुलेआम देशद्रोहपूर्ण लेख प्रकाशित करते हैं। मगर गृह देशद्रोह का प्रचार करने वाले इन समाचार पत्रों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की ।

पुरानी हैदराबाद रियासत के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में साम्प्रदायिकता की ज्वाला भड़का कर औवैसी बंधुओं ने अपने कदम जगाए । इसके बाद उन्होंने अपनी नफरत भरी राजनीति का विस्तार महाराष्ट्र, कर्नाटक में करने का प्रया किया । प्रारंभ में तो उन्हें कुछ सफलता मिली। महाराष्ट्र विधानसभा में उनकी पार्टी के दो विधायक निर्वाचित हुए जबकि बेंगलुरु महानिगम और निजामाबाद नगरपालिका में भी उन्हें कुछ विजय मिली । बिहार विधानसभा चुनाव में उन्होंने सभी सीओं पर अपनी पार्टी के उम्मीदवार खड़े करने की घोषणा की थी मगर हवा के रुख को देखते हुए उन्होंने सीमांचल क्षेत्रों में अपने १६ उम्मीदवार खड़े किए थे । खास बात यह है कि बिहार की मुस्लिम जनता ओवैसी के जहरीले प्रचार के चक्कर में नहीं आई और उसके सभी उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई । अब साम्प्रदायिक ज्वाला भड़का कर ओवैसी साहब उत्तरप्रदेश के चुनाव में अपना भाग्य आजमाना चाहते हैं। इसलिए वो नित नए देशद्रोहपूर्ण बयान देने में चुटे हुए हैं ।

इससे पूर्व असदुद्दीन ओवैसी के छोटे भाई अकबरूद्दीन ओवैसी ने खुलेआम यह धमकी दी थी कि यदि पुलिस और फौज को १५ मिनट के लिए हटा दिया जाए तो मुसलमान हिन्दुओं का सफाया कर देंगे । इसके अतिरिक्त उसने भगवान श्रीराम और उनकी माता बारे में जो टिप्पणी की थी उसे लिखने की मेहम्मत नहीं है । जब उनके इन भाषणों के बारे देश में हंगामा मचा तो राज्य सरकार को विवद्दोकर उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज वा पड़ा । यह मुकदमा आज भी कई वर्षों से विाधीन चल रहा है ।

अधिकांश लोग असद्ध ओवैसी और उसकी पार्टी की पृष्ठभूमि के बा नहीं जानते इसलिए इस संदर्भ में उस पर भी ३ प्रकाश डालना बेहद जरूरी है । देशद्रोह ओवैसरिवार के खून में रसा बसा हुआ है । उनके द और पिता दोनों ही साम्प्रदायिकता भड़काने आरोप में भी एक दर्जन से अधिक मुकदमे ग्रालत में चल चुके हैं ।

जहां तक इत्तेहादुल स्लिमीन नामक संस्था का संबंध है जिस पर वैसी परिवार ने क़ई दशकों से कब्जा कर रखहै उसका इतिहास भी कम खतरनाक नहीं है । वें निजाम मीर उस्मान अली खां के इशारे पर नब मोहम्मद नवाज खान ने इस संस्था की नींव १९७ में रखी थी । इसका लक्ष्य हैदराबाद में ब्रिटिश्ताज के साये में एक आजाद मुस्लिम रियासत व स्थापना था । १९३८ में इस संस्था की बागड़ोरोहम्मद अली जिन्ना के सहयोगी नवाब बहादुर जंगअखिल भारतीय मुस्लिम लीग की राष्ट्रीय कार्यकागी के सदस्य और पार्टी के कोषाध्यक्ष भी थे ।इन्होंने पाकिस्तान की स्थापना का डटकर समर्थ किया था । १९३९ में बहादुर यार जंग की दात्त पर जिन्ना हैदराबाद आए थे और उन्होंने निजम से मुलाकात भी की थी । बताया जाता है कि जिन्ना ने निजाम से अनुरोध किया था कि वे अपनी रियासत को पाकिस्तान में शामिल करने की घोषणा करें मगर निजाम ने इसे स्वीकार नों किया क्योंकि निजाम एक आजाद मुस्लिम हैदरबाद के सम्राट बनने का स्वप्न संजोए हुे थे ।

